**प्रेस नोट सं0- 26**
**दिनांक 24.07.2026**

**सराहनीय कार्य थाना गौरीगंज, जामो एवं स्वाट/सर्विलांस टीम जनपद अमेठी**

**"ऑपरेशन चक्रव्यूह"अभियान के तहत मोटरसाइकिल चोर गिरोह का भण्डाफोड़, चोरी की कुल 15 मोटरसाइकिलों (08 मोटरसाइकिलें तथा 07 कटी हुई मोटरसाइकिलों के पुर्जे) के साथ 04 वाहन चोर गिरफ्तार**

।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में संदिग्धों की चेकिंग तथा अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत दिनांक 24.07.2026 को क्षेत्राधिकारी गौरीगंज श्री अखिलेश वर्मा के कुशल नेतृत्व में थाना गौरीगंज पुलिस, जामो पुलिस तथा स्वाट एवं सर्विलांस टीम अमेठी द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार 04 अभियुक्तों 1.दिनेश कुमार अग्रहरि पुत्र रामनरेश अग्रहरि निवासी ग्राम रेशी मजरे मूंघी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष, 2.मो0 वासिद पुत्र नियामत अली निवासी सूखी बाजगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष, 3.मो0 ताजीर उर्फ महताब पुत्र जान निवासी अजबगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी करीब 26 वर्ष, 4.फैसल खान पुत्र हसर मोहम्मद निवासी अजबगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस रजि0 नंबर यूपी 33 बीए 3888 व हीरो एचएफ डीलक्स रजि0 नंबर यूपी 44 एल 5285 के कागज मांगने पर दिखा न सके तथा बताये कि दोनों मोटरसाइकिलें चोरी की हैं।

अभियुक्तों से पूछताछ में ज्ञात हुआ कि **मो0 ताजीर उर्फ महताब अपने साथी फैसल खान के साथ मिलकर मोटरसाइकिलें चोरी करके अपने साथी मो0 वासिद को बेच देता है जिसे मो0 वासिद कबाड़ी का काम करने वाले दिनेश अग्रहरि को पांच हजार रुपये में बेच देता है। प्राप्त रुपये में से मो0 वासिद एक हजार रुपये अपने पास रखकर शेष रुपये मो0 ताजीर उर्फ महताब को दे देता है। दिनेश अग्रहरि खरीदी गयी चोरी की मोटरसाइकिलों को अपने घर पर बने गोदाम में खोलकर इंजन चेचिस, टायर, रिम आदि अलग-अलग कर कानपुर ले जाकर बेच देता है। मो0 ताजीर उर्फ महताब तथा फैसल खान ने मिलकर 05 दिन पहले सैंठा ओवर ब्रिज के नीचे मस्जिद के सामने से मोटरसाइकिल हीरो एफएफ डीलक्स, 02 दिन पहले नन्द महर बाजार स्वामी होटल के सामने से मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर, 04 दिन पहले मवई बाजार नहर पुलिया जामो से मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेण्डर, 01 माह पहले जामो के जनापुर से शादी समारोह से मोटरसाइकिल स्प्लेण्डर प्लस चोरी किया था जिन्हें मो0 वासिद के माध्यम से दिनेश अग्रहरि को बेच दिया था। दिनेश अग्रहरि ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिलों के ज्यादातर पुर्जे अलग-अलग कर कानपुर ले जाकर बेच दिया है तथा 06 मोटरसाइकिलें व कुछ मोटरसाइकिलों के चेचिस, इंजन, पहिये अलग-अलग उसके घर में रखे हैं**। अभियुक्तों की निशानदेही पर दिनेश अग्रहरि के घर/गोदाम से 06 मोटरसाइकिलें व 07 मोटरसाइकिलों के भारी मात्रा में अलग-अलग पुर्जे बरामद हुए।

चारों अभियुक्त संगठित रूप से मिलकर समान आशय से विभिन्न थानाक्षेत्रों से मोटरसाइकिलों की चोरी कर उनके कलपुर्जे अलग-अलग कर बेंचने के अभ्यस्त अपराधी हैं। उपरोक्त मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में थाना गौरीगंज, जामो तथा जायस में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है, बरामदगी के आधार पर उक्त सभी अभियोगों में धारा 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है।

बरामदगी के संबंध में थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता –**

1. दिनेश कुमार अग्रहरि पुत्र रामनरेश अग्रहरि निवासी ग्राम रेशी मजरे मूंघी थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 24 वर्ष
2. मो0 वासिद पुत्र नियामत अली निवासी सूखी बाजगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 22 वर्ष

3. मो0 ताजीर उर्फ महताब पुत्र जान निवासी अजबगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी करीब 26 वर्ष
4. फैसल खान पुत्र हसर मोहम्मद निवासी अजबगढ़ थाना जामो जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष

**बरामदगी-**

- चोरी की कुल 15 मोटरसाइकिलें (08 मोटरसाइकिलें तथा 07 कटी हुई मोटरसाइकिलों के भारी मात्रा में कलपुर्जे)

**पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाहीः-**

1. मु0अ0सं0 208/26 धारा 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
2. मु0अ0सं0 206/26 धारा 302(2) 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. मु0अ0सं0 145/26 धारा 302(2) 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी।
4. मु0अ0सं0 180/26 धारा 302(2) 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी।
5. मु0अ0सं0 181/26 धारा 302(2) 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी।
6. मु0अ0सं0 182/26 धारा 302(2) 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना जामो जनपद अमेठी।
7. मु0अ0सं0 60/26 धारा 302(2) 317(2), 317(4), 3(5) बीएनएस थाना जायस जनपद अमेठी।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

**थाना गौरीगंज-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना गौरीगंज जनपद अमेठी श्री रवि सिंह।
2. उ0नि0 बी0एल0 रावत थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार पाल थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
4. का0 अमित प्रताप सिंह थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।
5. का0 जितेन्द्र यादव थाना गौरीगंज जनपद अमेठी।

**थाना जामो-**

1. प्रभारी निरीक्षक थाना जामो जनपद अमेठी श्री विनोद सिंह।
2. उ0नि0 जगदेवन राजवंशी थाना जामो जनपद अमेठी।
3. का0 शिवराम थाना जामो जनपद अमेठी।

**स्वाट टीम एवं सर्विलांस टीम-**

1. उ0नि0 श्री अनूप सिंह प्रभारी स्वाट टीम जनपद अमेठी।
2. हे0का0 आलोक सिंह स्वाट टीम जनपद अमेठी।
3. हे0का0 आशीष सिंह चौहान सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
4. का0 मनीष सर्विलांस टीम जनपद अमेठी।
5. का0 दीपचन्द्र यादव स्वाट टीम अमेठी।
6. का0 जय हिन्द यादव स्वाट टीम जनपद अमेठी।
7. का0 शिवराम स्वाट टीम जनपद अमेठी।
8. का0 सिकन्दर खान स्वाट टीम जनपद अमेठी।

**मोहम्मद ताजीर उर्फ महताब का आपराधिक इतिहास-**

- मु0अ0सं0 167/2025 धारा 115(2)/351(3)/352/85 बी.एन.एस. व धारा 3/4 डीपी एक्ट थाना जामो जनपद अमेठी।

**फैसल खान पुत्र हसर मोहम्मद का आपराधिक इतिहास-**

- मु0अ0सं0 183/2019 धारा 354(क)/506 भादवि व धारा 7/8 पाक्सो एक्ट थाना जामो जनपद अमेठी।

**उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक अमेठी महोदय द्वारा 25,000/- रुपये पुरस्कार की घोषणा की गई है।**